हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 10 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 बगबुड़वा नाला पर नहीं बना पुल, बरसात में बच्चे उफनता नाला पार ...





प्रवेश सूचना

BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा

DXRT (3 years) एक्स-रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन

D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

अम्बिकापुर 7440435000

रायपुर 7440434000

SALE

END OF SEASON SALE

UP TO 60% OFF

निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER SALE

UP TO 40% OFF

KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE OLD BUS STAND - AMBIKAPUR CALL- 7400849887

अंश PGDCA DCA

BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..

अंश कम्प्यूटर सेंटर

जिला - बलरामपुर

8964951878


## नहीं बढ़े वार्ड लेकिन कई वार्डों का बदला समीकरण, पार्षदों की उडी नींद, सत्ता बल के दुरूपयोग का आरोप

# शहर के परिसीमन से बदली वार्डों की सीमाएं भाजपा-कांग्रेस में भारी असंतोष की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- मेयर ने कहा- भाजपा कार्यालय में बैठकर बना नक्शा

निकाय चुनाव से पहले मंगलवार को परिसीमन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। परिसीमन का कार्य होने के बाद शहर की सीमाओं के संबंधित सूचना का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। ननि अधिकारियों द्वारा किए गए इस प्रारंभिक प्रकाशन के बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों में असंतोष फैल गया है और सीमाओं के निर्धारण को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। एक तरफ नगर निगम सरकार ने जनप्रतिनिधियों की जानकारी के बगैर अधिकारियों पर सत्ताबल के दबाव में भाजपा कार्यालय में बैठकर नक्शा तैयार करने और मानक के विपरीत परिसीमन करने का आरोप लगाया है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा के जनप्रतिनिधि भी इस परिसीमन को लेकर पार्टी फोरम में अपनी आपत्ति दर्ज करा रहे है। हालांकि अभी परिसीमन के लिए दावा आपत्ति का समय 15 जुलाई तक निर्धारित किया गया है लेकिन प्रस्तावित परिसीमन में किसी प्रकार का फेर बदल होने की संभावना नहीं है और यही वजह है कि कई सिटिंग पार्षदों की भी नींद उड़ गई है।

बता दें कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रदेश भर में निकायों के परिसीमन का कार्य चल था। नगर निगम के अधिकारी परिसीमन के कार्य में जुटे हुए थे। 8 जुलाई को परिसीमन का कार्य पूर्ण हुआ और आज कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त द्वारा परिसीमन का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद से ही परिसीमन को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। एक तरह नगर निगम सरकार का आरोप है कि परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी नगर निगम के महापौर, सभापति के साथ ही सत्ता पक्ष व विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को नहीं दी गई और उनकी जानकारी के बिना ही पूरा परिसीमन पूर्ण कर लिया गया। इसके साथ ही परिसीमन का कार्य भाजपा कार्यालय में किया गया और उनके कहने के आधार पर शहर का नक्शा खींचा गया। इसके बाद निगम आकर आयुक्त से हस्ताक्षर कराकर प्रकाशन कर दिया गया।

वहीं आरोप है कि परिसीमन का कार्य वर्ष 2011 में हुई जनगणना के अनुसार किया गया है लेकिन 2011 की जनगणना के अनुसार परिसीमन का कार्य 2019 में ही हो चुका था और उसके बाद जनगणना का कार्य नहीं हुआ है 2021 की जनसंख्या का आंकड़ा नहीं आ पाया। पूर्व की भांति 2612 की जनसंख्या को आधार बनाकर 2019 में ;परिसीमन किया गया था और इस बार भी औषत जनसंख्या वार्डों की 2612 रखी गई है तो फिर परिसीमन कर सीमाओं को छेड़ने की जरूरत क्यों पड़ी। सत्तारूढ़ पार्टी शहरी क्षेत्र में अपने पार्षदों को चुनाव लड़ाने के लिए ही परिसीमन किया है।

परिसीमन के बाद 15 जुलाई तक का समय दावा आपत्ति के लिए दिया गया है और इस दौरान दोनों ही दलों द्वारा आपत्ति दर्ज कराए जाने की बात कही जा रही है लेकिन विगत वर्षों में हुए परिसीमन के दौरान भी यह देखा गया है कि आपत्तियों पर पुनः विचार नहीं किया जाता है इस लिए इस बार भी आपत्तियों के बाद इस परिसीमन में कोई फेरबदल होने की उम्मीद नहीं है जिससे जनप्रतिनिधियों की परेशानी बढ़ जाएगी क्यों कि उनके वार्डों का चुनावी समीकरण जनसंख्या, जातिगत कारणों से बदल गया है।



बैठक में चर्चा करते महापौर व अन्य जनप्रतिनिधि।

### नहीं बढ़े वार्ड, बदली सीमाएं


परिसीमन के बाद नगर निगम के वार्डों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। पूर्व की भांति शहर में कुल 48 वार्ड ही होंगे लेकिन इस दौरान शहर के कई वार्डों की सीमाएं बदल गई है और सीमाओं के बदलने से वार्डों का चुनावी समीकरण भी बदल गया है। बताया जा रहा है कि परिसीमन के बाद शहर के ज्यादातर वार्डों को 2014 की स्थिति में कर दिया गया है। इससे कई वार्डों में जनप्रतिनिधियों की चिंताएं बढ़ गई है और उनके वार्ड के मतदाता दूसरे वार्ड में चले गए है। इसे लेकर कांग्रेस के साथ ही साथ भाजपा पार्षद व जनप्रतिनिधि भी परेशान है। एक तरफ कांग्रेस इसे लेकर सत्ता पक्ष पर आरोप लगा रही है तो वहीं दूसरी ओर भाजपा की ओर से भी इस मामले की शिकायत पार्टी फोरम में किए जाने की बात सामने आई है।

### क्या है स्थिति

नगर निगम में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 1 लाख 25 हजार 392 है। इनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 5510, अजजा की जनसंख्या 26386 है जबकि प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या वर्ष 2019 के परिसीमन के अनुसार 2612 ही रखी गई है। इसमें एक बड़ा सवाल यह है कि शहर के कई वार्डों की सीमा बदली नहीं गई लेकिन उस वार्ड में दूसरे वार्डों के मतदाताओं को जोड़ दिया गया है जिससे उनकी औसत जनसंख्या निश्चित रूप से 3 हजार के ऊपर चली गई है तो फिर अधिकारी वार्डों की जनसंख्या 2612 रखने की बात किस आधार पर कर रहे है।

### अनारक्षित वार्ड हुए आरक्षित

नगर निगम में कुल 48 वार्ड है। इनमें से कुल 24 वार्ड अनारक्षित, 12 ओबीसी, 10 एसटी व 2 एससी वार्ड रखे गए है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में परिसीमन के बाद वार्ड क्रमांक 13 व 45 को एससी रखा गया था लेकिन इस बार वार्ड क्रमांक 13 मंगल पांडेय वार्ड को अनारक्षित कर दिया गया है जबकि वार्ड क्रमांक 33 रामानुज वार्ड के बाबूपारा में झंझटपारा के मतदाताओं को शामिल कर इस वार्ड को एससी कर दिया गया है। इसी तरह पिछली बार वार्ड क्रमांक 44 एसटी के लिए आरक्षित था जो अब अनारक्षित हो जा रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि इंदिरा गांधी वार्ड को पहले दर्रीपारा में शामिल किया गया था उसे अब फिर से उठाकर केदारपुर की तरफ शामिल कर दिया गया है। इसके साथ ही महापौर डॉ. अजय तिर्की के वार्ड फुंदुर डिहारी सेंट्रल वार्ड क्रमांक 8 में भी शांतिपारा के मतदाताओं को उठाकर वार्ड क्रमांक 4 संत मदर टेरेसा वार्ड में शामिल कर दिया गया है। इस तरह कई वार्डों में विसंगतियां आई है तो कई वार्डों में सीमाएं बदलने से लोग खुश भी नजर आ रहे है।



### भाजपा कार्यालय से बना नक्शा

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार परिसीमन कर विभाग द्वारा अवलोकन के लिए प्रस्तुत किया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश थे कि 2011 की जनसंख्या में वृद्धि हुई थी इस लिए वार्डों का परिसीमन किया जाए। हमारा आरोप है कि 2019 में परिसीमन हुआ था और 2021 में जनगणना का कार्य नहीं हुआ तो फिर पुरानी जनसंख्या के आधार पर ही परिसीमन किया गया तो इसकी जरूरत नहीं थी। भाजपा पार्टी ने अपने फायदे के लिए ऐसा परिसीमन कराया है। परिसीमन का कार्य भाजपा कार्यालय से संचालित कर नक्शा बनाया गया। कांग्रेस और भाजपा के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। मुझे भी परिसीमन के प्रक्रिया की जानकारी नहीं थी। हम इसमें अपनी ओर से दावा आपत्ति करेंगे क्यों कि परिसीमन में आंकड़ों का खेल कर जनसंख्या 2612 बताई गई है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

### कांग्रेस का आरोप बेबुनियाद

कांग्रेस के लोग परिसीमन का किस मुंह से विरोध कर रहे है। वर्ष 2019 में देवीगंज वार्ड में 1800 मतदाता थे जबकि मदर टेरेसा वार्ड में 4800 मतदाता थे। वर्तमान में जो परिसीमन प्रकाशित हुआ है इसमें कुछ वार्डों में विसगतियां है इसे दावा आपत्ति के दौरान अधिकारियों चर्चा की जाएगी। कांग्रेस अपने 10 साल के कार्यकाल के बाद संभावित हार को देखते हुए अनर्गल आरोप लगा रही है। भाजपा कार्यालय से नक्शा बनने का आरोप बेबुनियाद है यह चरित्र कांग्रेस का है। वर्ष 2014 व 2019 में परिसीमन किसके निवास में बैठकर किया गया सभी जानते है। यह परिसीमन अधिकारियों द्वारा किया गया। हमारे दल के लोगों ने भी नाराजगी जताई है। कलेक्टर, आयुक्त व वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर शिकायतों को दूर किया जाएगा।

-आलोक दुबे
पार्षद भाजपा

## तीर लगने से गंभीर युवक की 11 दिन बाद उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिता द्वारा तीर से हमला करने से गंभीर हुए पुत्र की 11 दिन तक चले उपचार के बाद आईसीयू में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर निवासी अर्जुन लाल आ. रतन लाल (25 वर्ष) 27 जून को छोटे भाई गुल्लू राम सहित गांव के अन्य लोगों के साथ बनारस काम करने जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच अर्जुन व उसके भाई गुल्लू ने पिता रतन लाल को भी साथ काम करने जाने की बात कही। पिता ने दूसरे राज्य में काम करने जाने से मना कर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता-पुत्र के बीच मारपीट होने लगा। परिजन ने किसी तरह बीच बचाव किया। इधर पिता ने पुत्र को जान से मारने की धमकी देने लगा। छोटे भाई बाइक लेकर बाहर बड़े भाई का इंतजार करने लगा और जैसे ही अर्जुन मां पान कुंवर को काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला तभी पिता धनुष से सीधे पुत्र के सीने पर तीर से जानलेवा हमला कर दिया। तीर सीने में लगने से युवक मौके पर ही गिर गया। परिजन युवक को वाड्रफनगर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आईसीयू में 11 दिन तक चले उपचार के बाद युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।



## बिना अनुमति कटवाए चार पेड़, शिक्षिकाओं से किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- संभागायुक्त ने जांच उपरान्त प्राचार्य को किया निलंबित

स्कूल परिसर में मौजूद हरे भरे पेड़ों को कटवाने और विरोध करने पर शिक्षिकाओं से दुर्व्यवहार करना प्राचार्य को महंगा पड़ गया है। शिकायत के बाद डीईओ द्वारा की गई जांच उपरांत संभागायुक्त ने प्राचार्य को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय राजपुर के प्राचार्य आईडी खलखो द्वारा बिना अनुमति के ही स्कूल परिसर में मौजूद चार हरे भरे पेड़ों को अवैध रूप से कटवा दिया गया। पेड़ों की कटाई करने का जब शिक्षिकाओं ने विरोध किया तो प्राचार्य ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इस मामले की शिकायत शिक्षिकाओं द्वारा डीईओ से की गई थी। शिकायत मिलने के बाद डीईओ द्वारा घटना की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि प्राचार्य आईडी खलखो द्वारा स्कूल परिसर में मौजूद चार बड़े पेड़ों की कटाई सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कराई गई। इसके साथ ही शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र के समक्ष पेश किया गया था जिसके अनुसार प्राचार्य द्वारा विद्यालय परिसर के 4 पेड़ों की कटाई तथा शिक्षिकाओं से दुर्व्यवहार करने की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई। प्राचार्य श्री खलखो का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। उक्त कृत्य के लिए आई.डी. खलखो प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर को आयुक्त सरगुजा द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री खलखो का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर नियत किया गया है। उन्हें निलंबन की अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण, विद्यार्थियों को कराया 6वीं में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खबर का असर**

विकासखंड बतौली के पहाड़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत गोविंदपुर एवं लोटापारा प्राथमिक स्कूल में अंकसूची और टीसी वितरण नहीं करने से छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी के मद्देनजर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए बल्कि आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण कर कक्षा पांचवी के 27 छात्र-छात्राओं को कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाया गया।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरदचंद्र मेषपाल द्वारा प्राथमिक शाला गोविंदपुर और प्राथमिक शाला लोटापारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि पिछले 3 माह से कक्षा पांचवी के 27 छात्र छात्राओं टीसी और अंकसूची के लिए स्कूल का चक्कर लगा रहे थे। जिस पर बीईओ शरदचंद मेषपाल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों लापरवाह प्रधान पाठक तहसील राम पैकरा और रामनाथ राम जांच प्रतिवेदन तैयार कर निलंबन हेतु जिला अधिकारी को सौंपा गया है।

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरद चंद्र मेस्पाल ने बताया कि कक्षा पांचवी के 27 छात्र-छात्राओं को अंक सूची और टीसी का वितरण कर दिया गया है। लापरवाह दोनों प्रधान पाठकों को निलंबन हेतु जांच प्रतिवेदन जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया है।

## दुष्कर्म के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

किशोरी से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।





- किशोरी से किया था जबरन दुष्कर्म

पुलिस के मुताबिक शहर की एक किशोरी परिजन के साथ आकर गांधीनगर थाने में दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता किशोरी के अनुसार करंजी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुदामानगर के तुर्रापानी निवासी राजेश उर्फ छोटू देवांगन ने पीड़िता को पसंद करने का झांसा देकर 26 अप्रैल को अपने घर ले गया जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। 7 जुलाई को पीड़िता राजेश से मिलने उसके घर गई जहां राजेश का भाई महेन्द्र दोनों को एक साथ देख लेने पर परिजन को बता देने की धमकी दी। इसी बीच राजेश किशोरी से विवाद कर चला गया तो महेन्द्र ने किशोरी को परिजन को बता देने का धमकी देते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने गत दिन परिजन के साथ घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के विरूद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनो भाईयो को जेल भेज दिया गया है।

### मितानिन से सामूहिक दुष्कर्म, अपराध दर्ज

राजपुर। मितानिन के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला मितानिन के रूप में काम करती है। 45 वर्षीया मितानिन 6 जुलाई को अपने बेटे के साथ किसी काम से डीपाडीह कला आई हुई थी। इस दौरान उसका पुत्र बलरामपुर चला गया था और महिला बेटे का इन्तजार डीपाडीहकला में कर रही थी। देर शाम तक जब पुत्र नहीं लौटा तो महिला पैदल ही शाम 5 बजे घर जाने के लिए निकल गई। महिला करमी के रास्ते घर जा रही थी। इसी दौरान सुनील यादव व दादूनाथ वहां पहुंच गए और अंधेरा होने का हवाला देकर महिला को घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठा लिया। महिला भी आरोपियों के झांसे में आ गई। इसके बाद आरोपियों ने जंगल के अंदर लेजाकर महिला के साथ के दोनों ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी महिला को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(1), 70(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### स्टेयरिंग फेल होने से हुई दुर्घटना, बाल-बाल बचे सवार

## फूलीडूमर घाट पर पलटी बस, मची चीख पुकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

अंबिकापुर से रेणुकूट जा रही यात्री बस मंगलवार की सुबह फूली डूमर घाट उतरते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना का मुख्य कारण स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है। गनिमित रही कि समय रहते चालक ने बस को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया और बस की रफ्तार धीमी कर दी जिससे बस में सवार यात्रियों को ज्यादा चोटें नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस द्वारा घायलों को निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से छाबड़ा बस क्रमांक सीजी 15 डीडी 4346 यात्रियों को लेकर रेणुकूट जाने के लिए निकली थी। इस दौरान मंलगवार की सुबह बस बसंतपुर थाना अंतर्गत फूलीडूमर घाट पर पहुंची तो बस का स्टेयरिंग फेल हो गया और बस नियंत्रण से बाहर चली गई। इस दौरान बस चालक ने सूझ बूझ का परिचय देते हुए बस की रफ्तार कम की और धीरे धीरे बस को घाट से नीचे उतारा। बस घाट से नीचे आने के बाद सड़क किनारे पलट गई जिसके बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बसंतपुर थाना प्रभारी कुमार चन्दन के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया और उन्हें उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। घटना के दौरान बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। थाना प्रभारी ने बताया कि यदि चालक ने बस को नियंत्रित कर नीचे नहीं उतारा होता और घाट से बस के पलटने पर बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल यात्रियों को प्रारंभिक उपचार के बाद दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।



दुर्घटनाग्रस्त यात्री बस।

## खबर संक्षेप

### विसंगति व अनुशासनहीनता पर अधीक्षिका निलंबित

**बलरामपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश कार्य में लापरवाही और विसंगति पाए जाने पर अधीक्षिका श्रीमती यामिनी सिंह को आयुक्त सरगुजा संभाग द्वारा निलंबित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेमरा की अधीक्षिका श्रीमती सिंह द्वारा प्रवेश संबंधी विसंगतियां तथा जनपद कार्यालय कुसमी में जाकर अनुशासनहीनता एवं गैर मर्यादित व्यवहार किया गया है। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के सर्वथा विपरीत है। उक्त कृत्य के लिए श्रीमती यामिनी सिंह (मूल पद व्याख्यता एलबी) कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेमरा को आयुक्त सरगुजा द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती सिंह का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा, सरगुजा संभाग अम्बिकापुर नियत किया गया है। उन्हें निलंबन की अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा परिणाम घोषित

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित कर विभिन्न जिला मुख्यालयों में 9 जून को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा परिणाम के जिलेवार सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम के संबंध में विद्यार्थी अपना रोल नम्बर, नाम में कोई विसंगति हो तो अपना अभ्यावेदन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ ई-मेल आईडी पर 12 जुलाई शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। इस तिथि के पश्चात किया गया अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।



# बॉबी सालों तक बेरोजगार रहा शराब की भी लग गई थी लत

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने कुछ हिट फ़िल्में भी दी लेकिन फिर वो मुकाम भी आया जब इनका करियर ढलान पर चला गया। फिल्मों के ऑफर कम होते चले गए और इसने खुद को शराब की लत में डूबो लिया। वे कई सालों तक बेरोजगार रहा। लेकिन फिर किस्मत का सितारा चमका और एक सच्चा दोस्त सलमान खाने इनके लिए मसीहा बन गया। आज बॉबी सबसे बीजी पैन इंडिया स्टार बन गया है। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के हीमैन यानी धर्मेंद्र के बेटे और सनी देओल के छोटे भाई बॉबी देओल हैं।

## लाइफ Style

# उर्फी नशे की हालत में दिखाई दीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद ने सबका ध्यान अपनी ओर एक बार और तब खींचा जब वह मुंबई में एक पार्टी से बाहर निकलीं लेकिन सीधे चल नहीं पा रही थीं। इस दौरान उन्हें देखकर यही लग रहा था कि उर्फी नशे की हालत में हैं और उन्होंने कुछ हद से ज्यादा ही शराब पी रखी है।

उर्फी जावेद ने शनिवार रात को एक पार्टी में शराब पीकर आने की अटकलों को एक बार फिर से हवा दे दी है। यह अफवाह ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो से फैली, जिसमें उर्फी को चलने में दिक्कत हो रही थी। बिग बॉस ओटीटी की पूर्व प्रतिभागी उर्फी को कुछ दोस्त और उनकी बहन रेस्टोरेंट से साथ बाहर लाए। इस समय उर्फी की हालत देखकर ही पता चल रहा था कि मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर है, क्योंकि इस दौरान उर्फी की चाल बदली नजर आई। इस दौरान उर्फी ने गुलाबी रंग की शॉर्ट मिनी ड्रेस पहनी हुई थी। उर्फी ने अपने बालों को बांधा हुआ था। उर्फी हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थी। पार्टी के बाद, जब उर्फी को उनकी कार तक बड़ी ही मुश्किलों से पहुंचाया गया। कैमरों से घबराई हुई उर्फी अपनी दोस्त और बहन को पकड़कर कार की ओर जाती दिखीं। अभिनेत्री अपनी कार तक पहुंचने में सफल रहीं और उसमें बैठ गईं, जबकि उनकी दोस्त ने कैमरामैन से पीछे हटने का अनुरोध किया। वीडियो को इंस्टाग्राम पर कई यूजर्स ने साझा किया है। अब उर्फी के इस वीडियो के बाद यूजर्स लगातार सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'वह बहुत नशे में है।'



## हॉलीवुड मसाला



# 'अफ्रेड' 30 अगस्त को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** सोनी की साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' में जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन नजर आएंगे। यह फिल्म डिजिटल फैमिली असिस्टेंट के बारे में है जो जानलेवा बन जाता है। जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन फिल्म में अहम भूमिका में दिखाई देंगे। डिजिटल फैमिली असिस्टेंट एआईए परिवार के व्यवहार को जानती है और उनकी जरूरतों का अनुमान लगाना शुरू कर देती है। ब्लमहाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अगले साल रिलीज होगी फॉर्मूला वन मूवी 'एफ1'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के फेमस और दमदार एक्टर ब्रैट पिट की फॉर्मूला वन मूवी 'F1' की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वार्नर ब्रदर्स और एप्पल की तरफ से इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसने रोंगटे खड़े कर दिए। 'टॉप गन: मेवरिक' के डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की ने इसका निर्देशन किया है और ये फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी। 1 मिनट 45 सेकेंड के वीडियो में रेस ट्रैक और उस पर फर्राटा भरती हुई रेसिंग कार दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा रही हैं। इस फिल्म को 25 जून 2025 को थिएटर्स में देख सकेंगे। ये यूएस और कनाडा में 27 जून को दस्तक देगी। इसका टीजर देखते ही फैंस कह रहे हैं कि ये पक्का ऑस्कर में जाएगी। 60 साल के ब्रैट पिट को एक एक्स रेसर के किरदार में देखा जाएगा, जो फॉर्मूला 1 में वापस लौटता है।



# मनीषा को फोटोग्राफर ने लगाई थी डांट...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने एक चौंकाने वाला किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार एक मशहूर फोटोग्राफर ने उनसे टू-पीस बिकिनी में पोज देने के लिए कहा था। हालांकि, वे तैराकी के लिए बिकिनी पहनती हैं, लेकिन उन्होंने फोटोशूट के लिए मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर की शुरुआत में ही मुझे तस्वीरें लेने के लिए कहा गया था और वहां एक बहुत प्रसिद्ध फोटोग्राफर थे। उन्होंने कहा, 'तुम अगली सुपरस्टार हो और यह और वह।' फिर वह मेरे पास एक टू-पीस बिकिनी लेकर आया और मुझे इसे पहनने के लिए कहा। मैंने उससे कहा, 'सर, मैं इसे तब पहनती हूं, जब मैं समुद्र तट पर जाती हूं या तैराकी के लिए जाती हूं, लेकिन अगर मुझे फिल्मों में आने के लिए इस तरह से जाना है तो मैं इसे नहीं चाहती और मैं इसे नहीं पहनूंगी। तो फोटोग्राफर ने उन्हें



# डांस से करोड़ों की दौलत कमा चुके हैं...

**नई दिल्ली।** अपने स्लो मोशन डांस के जरिए लोगों का दिल जीतने वाले राघव जुयाल 10 जुलाई को अपना 33वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। राघव जुयाल अब डांसर के साथ-साथ एक एक्टर भी बन चुके हैं। उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं अब वो हालिया रिलीज फिल्म 'किल' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचा रहे हैं। जिसमें उनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। इस रिपोर्ट में हम आपके लिए राघव की लैविश लाइफस्टाइल, इनकम और नेटवर्थ की डिटेल्स लेकर आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राघव एक एपिसोड के लिए 3 लाख से ज्यादा रुपए जार्च करते हैं। इसके अलावा उनके सोशल मीडिया और ब्रांड एंडोर्समेंट से भी तगड़ी कमाई होती है।

## टीवी मसाला




# दूरदर्शन में देखिए दुनिया भर में मशहूर भारत की निधियां

**नई दिल्ली।** 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक शामिल होंगे, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके फिल्म निर्माता सतीश पांडे भारतीय दर्शकों के लिए एक नया आकर्षक शो लेकर आए हैं, जो भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त उत्पादों को दिखाने पर केंद्रित है। इस शो का नाम 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' है। इस शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक (जीआई प्रमाणित) शामिल हैं, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर रहे हैं। 'इंडियन आइडल', 'जी सिनेस्टार्स' और 'खुल जा सिम सिम' जैसे लोकप्रिय शो में अपनी मेजबानी के लिए जाने जाने वाले अनुभवी भारतीय अभिनेता अमन वर्मा इस नए शो के होस्ट हैं। यह शो 6 जुलाई से शुरू हो चुका है। यह शो दर्शकों को भारत की समृद्ध कृषि, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस शो का प्रसारण दूरदर्शन के प्रमुख चैनल डीडी नेशनल पर हर शनिवार सुबह 11 बजे और इसका पुनः प्रसारण शाम चार बजे हो रहा है।

# अरमान के थप्पड़ कांड के बाद इस गायक का जीना मुश्किल

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय गायक और संगीतकार अरमान मलिक अपने कई दिल को छू लेने वाले गानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, वे अपने जीवन को कम महत्वपूर्ण रखना पसंद करते हैं, लेकिन गायक की हाल ही में की गई प्रतिक्रिया ने सुर्खियां बटोरी हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अरमान ने उन लोगों के लिए एक लंबा स्पष्टीकरण नोट साझा किया है, जो उन्हें बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रतिभागी अरमान मलिक के साथ जोड़ रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं। मेरा इस व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है और मैं किसी भी तरह से उसका या उसकी जीवनशैली का समर्थन नहीं करता हूं। यह स्थिति मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है और इतने सारे लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है।



# आसान नहीं है पैरेंटिंग

**नई दिल्ली।** हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, 'यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता।' इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। मैं उससे यह नहीं कहना चाहता, क्योंकि यही वह उम्र है, जिसमें मैं उसका जीवन जीना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वह खुश और प्रसन्न रहे, क्योंकि वह एक खुश बच्चा है। वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।



# जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं शबाना आजमी, कैसे हुआ प्यार, खुद एक्ट्रेस ने बताया

***नई दिल्ली*** *। शबाना आजमी और जावेद अख्तर को इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक माना जाता है। दोनों की जोड़ी शुरुआत से ही फैंस की फेवरेट रही है।अब एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरव्यू में बताया है कि शुरुआती दिनों में वो जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं और उनसे दूरी बनाए हुए थीं। हालांकि बाद में उन्हें समझ आया कि उनकी सोच गलत है। अरबाज खान के टॉक शो 'द इनविंसिबल सीरीज' में बात करते हुए शबाना ने बताया कि जावेद अख्तर शुरुआती दिनों में उनके पिता से मिलने उनके घर आया करते थे। शबाना के पिता मशहूर उर्दू कवि कैफी आजमी थे। उन्होंने कहा, 'हम दोनों के ही पिता कम्युनिस्ट और गीतकार थे। हमारे बैकग्राउंड मिलते-जुलते थे। उन दिनों उन्होंने (जावेद अख्तर) शायरी सुनाना शुरू किया था और वो मेरे अब्बा को अपना लिखा हुआ सुनाने घर आते थे।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'लेकिन मैंने उनसे दूरी बनाई हुई थी, क्योंकि मैंने सुना था कि सलीम-जावेद की जोड़ी घमंडी है और उनसे दूर रहना ही अच्छा है। तो मैंने उनपर खास ध्यान नहीं दिया था। मेरी फिल्म स्पर्श (1980) देखने के बाद उन्होंने बहुत तारीफ की थी। फिर वो मेरे घर आए और हम सभी, जिन्होंने फिल्म में काम किया था, उन्हें आमंत्रित किया। उन्हें फिल्म का हर डायलॉग याद था और हम सभी की छोटी-छोटी बातें और डिटेल्स याद थीं। तब मुझे समझ आया कि वो अच्छी समझ वाले इंसान हैं। उसके बाद से मैं जब भी उनके साथ बैठती थी मुझे एहसास होता था कि वो और मेरे अब्बा एक जैसे हैं। मुझे महसूस हुआ कि वो मेरे लिए सही इंसान हैं और इसी तरह हमारे रिश्ते की शुरुआत हुई।' शबाना आजमी ने इसी इंटरव्यू में ये भी खुलासा किया कि जावेद अख्तर अपनी जिंदगी में शराब की लत का सामना भी कर चुके हैं। ये वक्त गीतकार के साथ-साथ शबाना के लिए भी बेहद मुश्किल था। एक्ट्रेस ने कहा था कि जावेद जानते थे कि अगर वो यूं ही शराब पीते रहे तो ज्यादा वक्त जिंदा नहीं रहेंगे और उन्हें क्रिएटिव तौर पर अपना काम करने का मौका नहीं मिलेगा। शबाना और जावेद ने 9 दिसंबर 1984 को शादी की थी।*



# तंगी में बीता बचपन, छोटे से फ्लैट में किया गुजारा! आज 550 करोड़ की मालकिन है ये बच्ची

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हर एक्टर और एक्ट्रेस की अपनी एक कहानी है। किसी ने स्ट्रगल किया तो किसी को ये फेम विरासत में मिला। आज आपको एक ऐसी ही हसीना की अनसुनी कहानी बताने जा रहे हैं। बॉलीवुड की इस हसीना का नाम आज के दौर की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार किया जाता है। इस एक्ट्रेस ने बेहद कम उम्र में खुद को साबित किया है और अपने हुनर के दम पर नेशनल अवॉर्ड तक जीता। साल 2012 में डेब्यू करने वाली इस एक्ट्रेस ने 12 सालों के करियर में 22 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। आज वे बेशुमार दौलत की मालिकन हैं। लेकिन इस अदाकारा ने अपने बचपन में बहुत-सी परेशानियों को झेला है। हम जिस अदाकारा की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि साल 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं।

आलिया भट्ट के पास ना तो आज शोहरत की कमी है और ना दौलत का अभाव है। लेकिन एक्ट्रेस का बचपन बहुत तंगी में गुजरा है। एक फिल्म डायरेक्टर की बेटी होकर भी उन्होंने एक छोटे से फ्लैट में अपने दिन काटे। इस बात का खुलासा खुद उनकी मां सोनी राजदन ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था।

सोनी राजदन ने खुलासा किया था कि जब आलिया छोटी थीं तब वे खुद को सिंगल पेरेंट जैसा महसूस करती थीं। इसकी वजह ये थी कि महेश भट्ट काम में बहुत बिजी रहते थे. उस समय वे अपने बच्चों के साथ एक बेडरूम वाले छोटे फ्लैट में रहते थे। एक्ट्रेस की मां ने ये तक कहा था कि उस समय ना तो उनके पास स्मार्टफोन था और ना ही आलिया के पास खेलने का कोई कमरा था। एक्ट्रेस के पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान बंगला है जिसकी कीमत करीब 32 करोड़ रुपए बताई जाती है। यही नहीं, उनके पास लंदन में भी एक घर है जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपए है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलिया भट्ट ने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की है। कपल एक हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। उनकी एक बेटी भी है जिसका नाम राहा कपूर है। घर के अलावा आलिया भट्ट कई लग्जीरियस गाड़ियों की भी मालकिन हैं।उनके पास अपनी बीएमडब्ल्यू 7 है जिसकी कीमत 1.76 करोड़ है। वहीं वे 2 करोड़ रुपए की कीमत वाली लैंड रोवर रेंज रोवर वोग की भी मालकिन हैं।







# जहीर ने शेयर की सोनाक्षी संग सात साल पुरानी तस्वीर

नई दिल्ली। जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा से शादी करने के बाद सात साल पुरानी एक तस्वीर शेयर की है। ये तस्वीर तब की है, जब उन्होंने सोनाक्षी को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने अपनी पत्नी पर प्यार उड़ेलते हुए कहा कि उन्हें तब ही अहसास हो गया था कि वे हमेशा साथ रहने वाले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दुनिया की नजरों से छिप-छिपकर प्यार किया। इनकी डेटिंग की अफवाहें तो बीते कुछ सालों में उड़नी शुरू हुईं, लेकिन ये साल 2017 से साथ थे और तब किसी को इसकी खबर नहीं थी। अब जहीर ने उस खूबसूरत पल की एक झलक दिखाई है, जब उन्होंने डेट करना शुरू किया था। उन्होंने सोनाक्षी के साथ एक फोटो शेयर की है, जो 7 साल पुरानी है। इस ब्लैंक व्हाइट फोटो में सोनाक्षी सिन्हा का हाथ जहीर के गले पर है और वो उन्हें प्यार से निहार रही हैं। जहीर ने कैप्शन में लिखा है, 'यह दिन, यह पल, यह एहसास।

## खबर संक्षेप

### गृहमंत्री से मिले सोनार उत्थान समाज के पदाधिकारी

**अम्बिकापुर।** सोनार उत्थान समाज के संभाग प्रभारी परशुराम सोनी एवं डॉ.सुनील सोनी ने गृहमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर सुजीत



स्वर्णकार की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने सरगुजा संभाग में हो रही चोरी की घटनाओं से गृहमंत्री को अवगत करा प्रतापपुर में हुई चोरी के 6 प्रकरणों में आरोपियों को पकड़ने की मांग की। श्री सोनी ने बताया कि गृहमंत्री ने तुरंत फोन से आईजी को अपराधियों को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। गृहमंत्री ने सुजीत हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने एवं चोरी की घटनाओं में अपराधियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिए है।

### पुरस्कार वितरण समारोह में मेघावी बच्चों को दिया गया प्रमाण-पत्र



**अम्बिकापुर।** गायत्री शक्तिपीठ के सभाकक्ष में रविवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों व सहयोग करने वाले शिक्षकों को प्रमाण-पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रांतीय संयोजक रामपाल तिवारी, केके पाठक, डॉ.अंजन सिंह व मंगल पाण्डेय ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं गुणात्मक शिक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में श्रीमती लक्ष्मी सिंह, सरस्वती तिवारी, शशि सिंह, दिवाकर मिश्रा, अजय गुप्ता, राकेश सिंह, अरविन्द गोयल आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम पंचायत खोरमा एवं करंजवार में किया पौधरोपण



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत खोरमा,करंजवार सहित बनारस मुख्य मार्ग किनारे आज कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर 140 पौधे लगाए गए, जिसमें फलदार वृक्ष आम, इमली, पीपल, बरगद, सरई, सागौन सहित अन्य पौधे लगाए गए। साथ ही लगाए गए पौधों को बचाने का संकल्प लिया। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि पौधे को सिर्फ लगाना ही नहीं बल्कि इसी सुरक्षा कर आने वाली पीढ़ी के लिए बचाकर रखना है। इस दौरान सरपंच जालिम सिंह, करंजवार सरपंच विक्रम सिंह, उप सरपंच रामवृक्ष पैंकरा, सचिव हरि कुशवाहा, सोबरन सिंह, राजाराम, प्रमोद, टिंकू, मंटु, राका, सुरज, हरेन्द्र भारती, गोविंद राम, कृष्णा कुशवाहा, सुरेश राम, ठाकुर प्रसाद, देवकुमार, राकेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### धान बीज दुकान में सेंधमारी कर 40 हजार नगदी समेत तीन बोरी धान बीज ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में बीती रात अज्ञात चोरों ने शिवमंगल रजवार के धान बीज दुकान में सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया,यहाँ काउंटर में रखे दिनभर के धान बीज बिक्री की रकम चालीस हजार नगदी व तीन बोरी धान बीज को भी चोरी कर भाग निकले, उक्त घटना से दुकान संचालक को सत्तर हजार रुपए की क्षति पहुँची है,मंगलवार की प्रातःजब संचालक दुकान खोलने पहुंचा तब उसे वारदात की जानकारी लगी जिसके बाद उसने करंजी पुलिस चौकी पहुंचकर मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर स्टॉफ नर्स निलंबित

**बैकुण्ठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में वर्ष 2013 से पदस्थ एक स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी को कार्य में बेहद लापरवाही बरतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी के खिलाफ जिला अस्पताल बैकुंठपुर में लगातार कार्य में बेहद गंभीर लापरवाही, हीलाहवाला बरतने की शिकायत मिल रही थी। कार्यालयीन समय पर अस्पताल नहीं पहुंचती थीं, उन्हें लगातार इस बारे में निर्देश देते रहे, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। 8 जुलाई को डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी तथा नायब तहसीलदार द्वारा जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान भी समय पर स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी अस्पताल नहीं पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन द्वारा स्टॉफ नर्स दीपशिखा तिवारी को ईसीजी कक्ष में काम करने की जिम्मेदारी दी गई थी,किंतु उनके द्वारा कभी भी जिम्मेदारी से काम नहीं की, वहीं उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित तिथि को भी हस्ताक्षर करने और मनमानी करने की शिकायत मिली थी।

### बरसात में अधिकांश दिन बच्चे नहीं पहुंच पाते स्कूल

# बगबुड़वा नाला पर नहीं बना पुल, बरसात में बच्चे उफनता नाला पार कर पहुंचते हैं स्कूल



नाला पार कर स्कूल जाते गांव के बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

**खास बात**

- छुट्टी होने पर घर लौटने के दौरान होती है देर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत महुली स्थित आमालोढ़ा नाला पर पुल नहीं बनने के कारण बरसात में बच्चों को खतरे के बीच उफनते नाले को पैदल पार कर स्कूल जाना पड़ता है। भारी वर्षा होने की स्थिति में कई बार बच्चों को घंटों पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है।

दूरस्थ ग्राम पंचायत महुली में बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से पिछले तीन दशकों से प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। शाला में ग्राम कुदरीपारा, हरधोवा पारा एवं पहाड़पारा के बच्चे पढ़ने जाते हैं। स्कूल के रास्ते में विशाल पहाड़ी नाला है। गड़वतिया पहाड़ी से निकला बगबुड़वा नाला एवं आमालोढ़ा नाला गांव के किनारे पहुंचकर मिल जाते है। दोनों नाले मिलकर विकराल रूप धारण कर लेते हैं। पूरे बरसात बगबुड़वा नाला लबालब रहता है जिसके कारण ग्रामीणों को पैदल नाला पार कर आना-जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। सामान्य दिनों में तो कम पानी रहने पर बच्चें आसानी से नाला पार कर स्कुल पहुंच जाते हैं लेकिन बरसात के दिनों में बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बच्चे अपने कपड़े उतारकर भारी खतरे के बीच पैदल नाला पार कर स्कूल पहुंचते हैं। कई बार तेज वर्षा होने पर नाले में उफान आ जाता है। ऐसे में बच्चे घंटों पानी उतरने का इंतजार करते हैं। एक-दो घंटे में नाला का पानी कम होने पर विलम्ब से स्कूल पहुंचते हैं वहीं कई बार वापस धर लौट जाते हैं। स्कूल की छुट्टी के दौरान नाले में उफान आने पर बच्चों को घर लौटने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार नाले का बहाव तेज होने के कारण बच्चे देर रात घर पहुंचते हैं। बरसात के मौसम में खतरा होने के डर से अक्सर अभिभावक बच्चों को नाला पार कराते हैं। नाले में बाढ़ आने की स्थिति में अभिभावकों के पहुंचने के बाद ही बच्चे नाला पार कर घर पहुंचते हैं। स्कूल से पढ़कर गांव की दो पीढ़िया निकल गई है। पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण दशकों से आवागमन की सुविधा के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से नाला पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण वर्षों से समस्या निवारण शिविरों में भी आवेदन दे रहे हैं लेकिन अभी तक पुल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल सकी है।

इस संबंध में सरपंच श्रीमती सुमित्रा खैरवार ने बताया कि महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को ज्ञापन सौंप स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने शीघ्र पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया है।

#### गांव की गलियों में कीचड़

जिला मुख्यालय सूरजपुर से ग्राम पंचायत महुली की दूरी 110 किमी है। गांव के किनारे से ही बिहारपुर-उमझर सड़क गुजरती है। गांव तक पक्की सड़क होने के कारण ग्रामीणों को ब्लाक एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असुविधा नहीं होती। लेकिन गांव की गलियों से गुजरने में भारी परेशानी होती है। गांव की गलियों में 15 वर्ष पूर्व सीसी रोड का निर्माण किया गया था जो अब जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो गया पर गड्ढों में ग्रामीणों ने मिट्टी भर दिया है। बारिश होते ही गांव की गलियां कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।





कबाड़ी के यहां से खम्बों को जब्त करते एसईसीएल सुरक्षाकर्मी।

## वर्कशॉप से लोहे के खम्बों को कबाड़ चोरों ने किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल को लाखों की क्षति
- कम्पनी सुरक्षा दल ने चार कबाड़ चोरों को किया पुलिस के हवाले

एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान क्षेत्रों में कोयला कबाड़ चोर अभी भी सक्रिय हैं,कबाड़ियों के आतंक से कम्पनी प्रबंधन को हर दिन कई लाख रुपए की भारी क्षति झेलनी पड़ रही है। सोमवार के दिन को भी दिनदहाड़े कबाड़ चोरों ने बिश्रामपुर सब स्टेशन से एक्सवेशन वर्क शॉप स्थित डीजल डिपो को विद्युत सप्लाई करने के लिए बिछाए गए तीन नग लोहे के खंभे को कटर मशीन से काट पार कर दिया, साथ ही वहां पड़े लोहे के दर्जनों पाइप अपने साथ ले गए। विद्युत सप्लाई के लिए लगाए गए खंभों को काट पार कर देने से सोमवार को दिन भर प्रबंधन के डीजल सप्लाई का कार्य बाधित रहा।देर शाम को प्रबंधन ने काटे गए पोल के जगह दूसरा पोल लगवाकर विद्युत सप्लाई शुरू कराई जिसके बाद यहां व्यवस्था सामान्य हो पाई है, घटना के बाद एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी द्वारा त्रिपुरा बटालियन के जवानों के साथ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 पौवापारा झुग्गी में रहने वाले चर्चित कबाड़ी के निवास दबिश दिया तथा खदान क्षेत्र से चुराए गए लोहे के भारी पोल सहित खदान क्षेत्रों में भूमिगत खदानों के पानी को सर्फेस में निकालने के लिए बिछाए गए हैवी पाइप को भी मौक़े से जप्त किया है। इस दौरान टीम ने चार कबाड़ चोरों को भी पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंपा है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।बताया जाता है कि चोरी की इस घटना से प्रबंधन को लाखों रुपए की क्षति पहुंची है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर है कि हथियारबंद जवानों की छापेमारी के दौरान पौवापारा मोहल्ले का चर्चित कबाड़ी अंधेरे का फायदा उठा भाग निकला।

## स्वच्छ पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली, नगरों की स्वच्छता, आवारा पशुओं का नियंत्रण आदि विषयों के साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय के लिए राजस्व वसूली प्राथमिकता वाला कार्य है। इन क्षेत्रों के विकास के लिए नगरीय निकाय द्वारा लिया जाने वाला संपत्ति व समेकित कर, जल कर, दुकानों का किराया तथा यूजर चार्ज इत्यादि सभी की वसूली नियमित करने की बात कही। उन्होंने समस्या आने पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। सड़कों पर आवारा या घुमन्तु पशुओं का प्रबंधन एवं उनसे होने वाले गंभीर हादसों को रोकने के लिए सभी उपाय करने का कहा। इसके अलावा बरसात के समय नगरीय क्षेत्रों में कई जगह हो रहे जल भराव एवं गंदगी पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बरसात के दिनों में जिले के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके, इसके लिए जल क्लोरीनीकरण व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में गंदा पानी पीने से डायरिया की संभावना ज्यादा रहती है इसलिए सभी अधिकारी नियमित रूप से पानी के सैंपल की जांच कराएं एवं आवश्यकतानुसार सही तरीके से वाटर ट्रीटमेंट हो रहा है या नहीं इसका नियमित निरीक्षण करें।

कलेक्टर ने कहा कि कई स्थानों पर दुकानों के बाहर लोग सड़कों तक अपना सामान फैला देते हैं, जिससे न केवल पार्किंग की समस्या होती है बल्कि दुर्घटना की आशंका भी रहती है। उन्होंने मार्गो में बाधा पहुंचाने वाले लोगों एवं विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वाले लोंगों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 116 गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी

**सूरजपुर।** जिले के भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर. रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इसी तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुल 116 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरीजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बड़ी राहत मिली है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में 30, ओड़गी में 38, प्रतापपुर में 29 एवं रामानुजनगर में 19 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में होती है जहां गर्भवती माताएं इस सुविधा का लाभ ले सकते है।



## जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक में डिलिस्टिंग रैली पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




जनजाति सुरक्षा मंच की जिला स्तरीय बैठक संयोजक कालू सिंह मुजाल्दा की उपस्थिति में हुई। उन्होंने कहा कि हमारी मांग अनुच्छेद 342 में संशोधन कर जनजाति समाज की रीति-रिवाज, परंपरा, रूढ़ी को छोड़ चुके धर्मांतरित जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करने एवं जनजाति समाज को शत-प्रतिशत आरक्षण व सरकारी सुविधाएं प्रदान करने की है। इसके लिए पूरे देश में डिलिस्टिंग आंदोलन किया जा रहा है। जिला एवं प्रदेश की महारैलियां हो चुकी हैं। अब दिल्ली में दस लाख से अधिक जनजातियों द्वारा महारैली कर सरकार से अनुच्छेद 342 में संशोधन करने की मांग की जाएगी।

प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच ने पूरे देश के जनजातियों को इसके लिए एकजुट कर दिया है और सभी समाज मिलकर डिलिस्टिंग की आवाज उठा रहे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग को आरक्षण उसकी विशिष्ट संस्कृति, परंपराओं के लिए दिया जाता है लेकिन इन विशेषताओं को छोड़ने वाले इसका सबसे ज्यादा लाभ उठा रहे है जिससे इस समाज के साथ बहुत बड़ा संवैधानिक और सामाजिक अन्याय हो रहा है। मूल समाज को ही शत-प्रतिशत आरक्षण और शासकीय सुविधाएं मिलनी चाहिए।

बंशीधर उरांव ने कहा कि हमारे पूर्वजों का योगदान देश को विधर्मियों से बचाने के लिए था और इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हम यह आंदोलन कर रहे हैं। डिलिस्टिंग के बिना जनजाति समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। संस्कृति बचेगी तभी समाज बचेगा। डॉ.आजाद भगत ने कहा कि धर्मांतरण के चलते जनजाति समाज में पारिवारिक और सामाजिक तनाव और विघटन हो रहा है। सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्थाएं गड़बड़ा रही हैं, डिलिस्टिंग कानून के माध्यम से ही इन समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। धर्मांतरित जनजातियों द्वारा आरक्षण का बड़ा हिस्सा उपभोग करने के चलते जनजाति समाज अपने मूल अधिकार को प्राप्त नहीं कर पा रहा है। इस अन्याय को दूर कर अनुच्छेद 342 में संशोधन किया जाना चाहिए। बैठक का संचालन रामबिहारी सिंह पैंकरा व आभार प्रदर्शन देवनारायण भगत ने किया। बैठक में नाथूराम भगत, जगनाराम प्रधान, भगत राम, आशाराम भगत, उदयभान, पावन पूर्णाहुति भगत, सचिन भगत, उमेश किस्पोट्टा, बालमुनि प्रधान, शिलो भगत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महामाया पहाड़ को बचाने प्रभार मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामाया पहाड़ पुनरूत्थान समिति के सदस्यों ने प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंप महामाया पहाड़ की स्थिति से अवगत कराया एवं इसके संरक्षण व संवर्धन के लिए नया प्रोजेक्ट तैयार कराने की मांग की।

समिति पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन की उदासीनता के कारण महामाया पहाड़ पर कब्जे की होड़ मची है। पहाड़ी के आसपास के गांवों में 50 प्रतिशत से भी कम भूमि अतिक्रमण से बची है। इसे तत्काल संरक्षित नहीं किया गया तो शहर के आसपास का शुद्ध प्राकृतिक वातावरण नष्ट हो जाएगा। महामाया पहाड़ को बचाने के लिए सरकार की पहल अत्यंत आवश्यक है। विगत दिनों महामाया वन पुनरूत्थान समिति की बैठक कैलाश मंगलम में हुई जिसमें उपस्थित नगरवासियों ने इस वर्ष के प्रचंड तापमान पर चिंता व्यक्त किया। महामाया पहाड़ के संरक्षण-संवर्धन का कार्य करने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक उपरांत सदस्यों द्वारा ग्राम सोनपुर, रणपुर खुर्द, खैरवार, बधियाचुआ, कांति प्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर व लालमाटी का दौरा किया। इस दौरान नीलेश सिंह, विनोद हर्ष, राकेश तिवारी, निशांत गुप्ता, मोनू गुप्ता, दूधनाथ गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## धान खरीदी केन्द्र परिसर में समिति प्रबंधक ने की मक्का व उड़द की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- गोचर भूमि पर खेती करने से ग्रामीणों में आक्रोश

ग्राम पंचायत दवनकरा बरपारा स्थित आदिम जाति सेवा.सहकारी समिति मर्यादित धान खरीदी केंद्र परिसर में समिति प्रबंधक ने खाली पड़े परिसर की भूमि में जुताई कराकर मक्का व उड़द की खेती कर दिया। समिति प्रबंधक की मनमानी से किसान आक्रोशित है तथा समिति प्रबंधक को हटाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक का इस तरह से कई मामला सामने आ चुका है। पूर्व में विवादों के कारण उसे सस्पेंड कर दिया गया था लेकिन फिर से बहाल होने के बाद पूर्व की भांति मनमानी करने लगा है जिससे किसानों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी के परिसर की भूमि गांव की गोचर भूमि है जो बरसात के दिनों में खाली रहता है जहां गाय, भैंस, बकरी का चरागाह है। उसे जुताई करवाकर कर दिया खेती किया गया जो गलत है। लोगों का कहना है कि अभी सिर्फ बुवाई किया है इसके बाद वह सरकारी उक्त भूमि को अपने नाम से करवा लेगा फिर किसानों का धान खरीदी कहा होगा यह समझ से परे है। ग्रामीणों ने मौके की जांच करते हुए समिति प्रबंधक संतोष नाविक को तत्काल को सस्पेंड करने की मांग की है।



#### कराई जाएगी जांच

पटवारी को भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी और भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम

## सरगुजा के तीन विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड में

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु चयनित सरगुजा के 7 विद्यार्थियों में से तीन का चयन राष्ट्रीय अवार्ड के लिए किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला कोटेया शुभम मोंदी पैकरा, पूर्व माध्यमिक शाला सिंगीटाना की कुमारी नियति एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल असोला की कुमारी रीमा चेरवा अपने उत्कृष्ठ मॉडल का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्पर्धा में करेंगी। सरगुजा के 7 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड योजना हेतु किया गया था। इन विद्यार्थियों में लुण्ड्रा की कु.प्रीति गुप्ता का बोरवेल में फंसे बच्चों को निकालने हेतु मशीन, कोटिया के शुभम मोदी पैंकरा का मॉडल गार्डनिंग ग्लबस विथ क्लॉस, कु.शशिता शा.पूर्व माध्यमिक शाला भंडारडांड बतौली जिनके मॉडल का शीर्षक मिनी आटा चक्की, पेटला की कु.माही बेहरा शीर्षक बुजुर्गों हेतु फोल्डिंग कुर्सी, कु.नियति शा.पूर्व माध्यमिक शाला सिंगीटाना लखनपुर जिनका मॉडल एडजेस्टेबल चूल्हा गैस स्टैण्ड असोला की कु.सीमा चेरवा का मॉडल गन्ने के अपशिष्ट से बैग निर्माण, कुनमेरा खास अरूण कुमार मिंज का मॉडल फोल्डिंग टेबल कम बाक्स का प्रदर्शन राजनांदगांव में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी किया गया। इंस्पायर अवार्ड योजना में पहली बार सरगुजा के 3 विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में कोटिया के शुभम मोदी पैंकरा का मॉडल गार्डनिंग ग्लबस विथ क्लॉस, पूर्व माध्यमिक शाला सिंगीटाना की कुमारी नियति के मॉडल एडजेस्टेबल चूल्हा गैस स्टैण्ड एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल असोला की कुमारी रीमा चेरवा के मॉडल गन्ने के अपशिष्ट से बैग निर्माण मॉडल हेतु किया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736